के समाचार की ओर दिलाया गया है कि कम्पनी द्वारा वितरकों को अवैध रूप से कमीशन दिये जाने के कारण अनियमितताएं की गई हैं; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रशीद मसूद) : (क) और (ख) हैफकिन इंस्टीटयूट, बम्बई, महाराष्ट्र सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। यह मामला पूरी तरह से राज्य सरकार के कार्य-क्षेत्र में आता है।

लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, दिल्ली को संदूषित ग्लूकोज बोतलों की सप्लाई

842. **श्रीमती सूर्यकांता पाटील**: क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, दिल्ली में रोगियों को दिये जाने वाले ग्लूकोज की एक बोतल में फफूंदी पाई गई थी ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि फरीदाबाद की यह विशिष्ट कम्पनी पहले भी ग्लूकोज की बोतलें सप्लाई करती थी जिसमें फफूंदी पाई गई थी तथा इस तथ्य के बावजूद भी इस कम्पनी को अभी तक कालीसूची में दर्ज नहीं किया गया है ; और

(घ) यदि भाग (ग) का उत्तर हां है तो उसके क्या कारण हैं तथा इस विषय में क्या कार्यवाही किये जाने का विचार है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का राज्य मंत्री (श्री रशीद मसूद): (क) जी, हां।

(ख) सूचना विवरण में दी गई है। (नीचे देखिए)

(ग) और (घ) तथ्यों का पता लगाया जा रहा है।

विवरण

1. आरोपित बैचों को वापस ले लिया गया है और उनके उपयोग को रोक दिया गया है।

2. संबंधित फर्म की सप्लाईयों को रोक दिय गया है। संबंधित फर्म धावसन फार्मास्यूटिकल्स पूर्ति और निपटान महानिदेशालय की अनुमोदित निर्धारित दर पर माल देती है।

3. मिलावट से संबंधित बैच निर्जीवाणुता परीक्षण के लिये सरकारी अनुमोदित प्रयोगशालाओं/सूक्ष्म-जीव विज्ञान प्रयोगशाला मौलान आजाद मेडिकल कालेज को भेजे गये थे।

4. उक्त फर्म द्वारा सप्लाई किये गये और स्टाक में रखे गये मिलावट वाले विभिन्न बैच परीक्षण के लिये सरकारी अनुमोदित प्रयोगशालाओं को भेजे गये हैं।

5. यहां यह भी बताया जाता है कि प्रत्येक बैच से नेमी यादृच्छिक नमूनों को सरकार द्वारा अनुमोदित प्रयोगशालाओं/सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग, मौलाना आजाद मेडिकल कालेज को विश्लेषण के लिये भेजा जाता है।

6. नये सप्लाईकर्ता (बंगाल इम्युनिटि, भारत सरकार का एक उपक्रम) से प्रत्येक बैच की एक जांच रिपोर्ट के साथ सप्लाईयां प्राप्त हो रही है।

7. "V इनफ्यूजन" के लिये स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जा रहा है ।

चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिए जाने में विलम्ब

843. श्री राम जेठमलानी :
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :
श्री एन० ई० बलराम

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जिन चिकित्सा विद्यार्थियों ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों तथा दन्त चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिये "ओपन मेरिट" द्वारा स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगिता उत्तीर्ण की थी उन्हें सीटों के आवंटन के संबंध में असाधारण विलम्ब किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं तथा इस संबंध में विद्यार्थियों की सहायता करने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रशीद मसूद) : (क) जी, हां, लेकिन विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अर्थात् एम०डी०/एम०एस०/डिप्लोमा और एम० डी०एस० में प्रवेश के लिये अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित की जाती है है न कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा ।

(ख) चुने हुये छात्रों को स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों के आवंटन का मामला कतिपय स्पष्टीकरण मांगने के लिये भारत के उच्चतम न्यायालय के साथ उठाया गया है और यह मामला निर्णय के लिये न्यायालय के समक्ष है ।

Modernisation of Agartala Airport

844. SHRI NARAYAN KAR: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Government are aware that hundreds of passengers for Agartala get stranded at Calcutta Airport due to non-availability of flight;

(b) whether Government have worked out a master plan for the expansion, modernisation and provision of night landing facility at Agartala Airport; and

(c) if so, what are the details thereof and if not what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF ENERGY WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI ARIF MOHD. KHAN): (a) Indian Airlines' 2 daily Boeing-737 services, being operated presently between Calcutta and Agartala, are adequate to meet the normal demand. The demand for seats is monitored and additional flights are operated, whenever necessary, subject, however, to the availability of aircraft and crew.

(b) and (c) Extension of runway upto 7500 feet, modification of the existing terminal building complex and upgradation of other facilities at Agartala airport has been provided in the 8th Five Year Plan. The airport has been provided with full-fledged night landing facilities including High Intensity Runway Lights and Visual Approach Slope Indicator.

Drug addicts in Rajasthan

845. SHRI SANTOSH BAGRODIA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) what is the total number of drug addicts in Rajasthan; and

(b) what is Government's plan to reform these addicts and also to check any further increase in their number?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI RASHEED MASOOD): (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.